तापमान
अधिकतम 26.1°C
न्यूनतम 24.0°C

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- नवरात्रों को लेकर मंदिरों में पूजा-अर्चना सुबह 7 बजे से
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे
- शहर में अलग-अलग जगहों पर रामलीला का आयोजन रात 9 बजे से

खबर संक्षेप

सरकारी अस्पतालों में अब डिजिटल भुगतान संभव

रोहतक। सिविल सर्जन डॉ. कमला वर्मा ने जिले के सभी नागरिक अस्पतालों, उप-नागरिक अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत मरीजों की पर्ची बनवाने और विभिन्न जांचों के निर्धारित शुल्क का भुगतान यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड के माध्यम से किया जा सकेगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य मरीजों और उनके परिजनों के लिए भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना तथा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना है। सिविल सर्जन ने सभी संबंधित संस्थानों के प्रधान चिकित्सा अधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि मरीजों को असुविधा न हो।

ममेरे भाइयों पर हमले में 7 आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पावर हाउस के पास ओम पीजी की गली में हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साहपुर खेड़ी निवासी अजय की शिकायत पर थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, 8 अक्टूबर को अजय के ममेरे भाई पारस अपने साथियों के साथ ओम पीजी पहुंचा था। आरोप है कि निशु, दिशांत और मोनू समेत 14-15 युवकों ने डंडों और बिंडों से अजय, पारस व उनके साथियों पर जानलेवा हमला किया। चौकी प्रभारी पीएसआई विकास की जांच के बाद 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने हथियार बरामद कर आरोपियों को अदालत में पेश कर दिया।

नाराज 'फूफा' बने पार्षद, मेयर से नहीं माने, ग्रोवर देंगे दखल

आज बुलाई निजी बैठक, एक अधिकारी के व्यवहार से कई महिला पार्षदों में नाराजगी, काम नहीं होने के भी लगा रहे आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हाउस की बैठक से ठीक पहले हुई इन शिकायतों से राजनीतिक माहौल गरमाया

नगर निगम की हाउस बैठक से पहले शहर की सियासत गरमाने लगी है। वार्डों में विकास कार्य नहीं होने और अधिकारियों के रवैये को लेकर नाराज 'फूफा' बने पार्षदों की नाराजगी अब खुलकर सामने आने लगी है। ऐसे में 22 अक्टूबर को होने वाली हाउस की बैठक से पहले मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने पार्षदों को एकजुट करने और उनकी नाराजगी दूर करने की कवायद शुरू कर दी है। खास बात यह है कि इस मीटिंग की अध्यक्षता पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर करेंगे। इसी कड़ी में मेयर ने शुक्रवार को 22 पार्षदों के साथ निजी बैठक बुलाई है। इस बैठक में वह पार्षदों से सीधे संवाद कर उनके वार्डों की समस्याओं, लंबित विकास कार्यों और अधिकारियों के साथ तालमेल की स्थिति का फीडबैक लेंगे। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के जरिए मेयर हाउस की बैठक से पहले पार्षदों की नाराजगी को समझने और संभावित टकराव को टालने का प्रयास करेंगे।

नगर निगम में लंबे समय से पार्षदों की ओर से विकास कार्यों में देरी और उनकी मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं होने की शिकायतें उठाई जाती रही हैं। कई पार्षदों का आरोप है कि वार्डों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के सामने बार-बार मांग रखने के बावजूद समाधान नहीं हो रहा। इससे पार्षदों और अधिकारियों के बीच तालमेल को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब हाउस की बैठक से ठीक पहले इन शिकायतों ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। नगर निगम के एक अधिकारी के व्यवहार को लेकर कई पार्षदों में नाराजगी बताई जा रही है। पार्षदों का आरोप है कि उनके साथ अपेक्षित सहयोग नहीं किया जाता और वार्डों से जुड़े कार्यों को लेकर भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मेयर की निजी बैठक में यह मुद्दा भी उठने की संभावना है। पार्षद अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे मेयर के सामने रख सकते हैं। मेयर के लिए भी यह बैठक अहम मानी जा रही है, क्योंकि उन्हें हाउस की बैठक से पहले सभी पार्षदों के बीच आपसी तालमेल कायम करने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान का रास्ता निकालना होगा।



पहली बैठक में उठ सकते हैं कई अहम मुद्दे

इस साल नगर निगम की पहली हाउस बैठक 22 अक्टूबर को प्रस्तावित है। बैठक के लिए मेयर ने सभी 22 वार्डों के पार्षदों से अपने-अपने वार्डों के विकास कार्यों और जनसमस्याओं से जुड़े एजेंडे मांगे हैं। पार्षदों को 14 अक्टूबर तक अपने प्रस्ताव मेयर कार्यालय में भेजने का समय दिया गया था। अधिकांश पार्षद अपने एजेंडे भेज चुके हैं। ऐसे में आगामी बैठक में सड़क, सीवर, पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठने की संभावना है। हाउस की बैठक में पार्षद अपने वार्डों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ लंबित कार्यों पर अधिकारियों से जवाब भी मांग सकते हैं। वहीं, अधिकारियों के व्यवहार और विकास कार्यों में कथित देरी का मुद्दा भी बैठक का माहौल गरमा सकता है। ऐसे में मेयर की ओर से बुलाई गई निजी बैठक को हाउस की बैठक से पहले की अहम रणनीतिक कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पार्षदों की नाराजगी दूर करने के लिए मेयर क्या कदम उठाते हैं और 22 अक्टूबर की बैठक में नगर निगम के कामकाज को लेकर क्या तस्वीर सामने आती है।



जिले में 16 एमएम बारिश, 24 घंटे में 5.5 डिग्री गिरा तापमान, मंडियों में भीगा धान

रोहतक। रोहतक में बारिश के बाद तापमान में गिरावट से मौसम ठंडा हो गया है। वीरवार को अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस था। यानी 24 घंटे में दिन के पारे में 5.5 डिग्री की गिरावट आई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, जिले में वीरवार को औसतन 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम में बदलाव का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहने का पूर्वानुमान है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक शुक्रवार को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम संबंधी गतिविधियां जारी रह सकती हैं। इसके चलते बादल छाने और बारिश होने की आशंका बनी हुई है। लगातार बदलते मौसम के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। गुरुवार को हुई बारिश से शहर की नई अनाज मंडी में बोरियों में रखा करीब 200 क्विंटल धान भीग गया। इससे मंडी में अनाज की सुरक्षा के इंतजामों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

महम में बुखार से डेढ़ साल की बच्ची की मौत, परिजनों ने दान की आंखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

कस्बा महम के वार्ड 6 निवासी दीपक परुथी की डेढ़ साल की बेटी आस्था को बुधवार शाम को अचानक तेज बुखार हुआ था। परिजन उसे डॉक्टर के पास भी लेकर गए। लेकिन वीरवार सुबह साढ़े छह बजे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बैठकर आंसू बहाने की बजाए, हिम्मत दिखाई। उन्होंने तुरंत डेरा सच्चा सौदा की आई डोनेशन टीम से संपर्क किया और कहा कि वे अपनी मृत बच्ची की दोनों आंखें दान करना चाहते हैं। भिवानी से आई डोनेशन टीम के सदस्य राजकीय जालान नेत्र चिकित्सालय भिवानी से डॉक्टरों की टीम को लेकर महम पहुंचे। डॉक्टरों की टीम ने तत्परता दिखाई। डॉक्टर सतीश मखीजा ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे उनके पास परिजनों की कॉल आई थी। 9 बजकर 35 मिनट पर उनकी टीम महम पहुंच गई थी। आंखों को रोहतक पीजीआई के आई बैंक में भेजा जाएगा। वहां पर ये जरूरतमंद बच्चों को लगाई जाएंगी।

दो बच्चों के जीवन में होगा उजियारा

बच्ची आस्था की एक-एक आंख दो बच्चों को लगाई जाएगी। बच्ची भले ही दुनिया से चली गई लेकिन दो अंधे बच्चों की जिंदगी रोशन कर गई। डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी रामदास इंसा ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा हजारों लोगों की आंखें दान करवाई जा चुकी हैं। महम में यह तीसरा केस था। इससे पहले भी दो लोगों आंख दान कर चुके हैं। बच्ची के पिता दीपक परुथी ने बताया कि उनकी बेटी को शाम को अचानक बुखार हुआ था, सुबह साढ़े छह बजे बच्ची की मौत हो गई। रामदास इंसा ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा सिरसा द्वारा ज्योति दान मुहिम चलाई गई है। इस मुहिम के तहत हजारों लोगों की आंखें दान करवाई जा चुकी हैं। महम में भी पहले दो लोग अपनी आंखें दान कर चुके हैं। आस्था की आंखें दान करने का महम में यह तीसरा केस है। वीरवार को बच्ची के नेत्र दान करने की मुहिम में बच्ची के माता पिता व परिजनों के अलावा डॉक्टर सतीश मखीजा, डॉक्टर कमल कैरु, रामदास इंसा, संदीप भाटी, दीपक, हरीश परुथी, मुकेश सिंगला, मनीष कुमार, पंकज, मनोज कुमार, सोमनाथ गिरोत्रा व सोनू का विशेष सहयोग रहा।



मोहल्लों के पार्कों में मेले और रावण दहन पर रोक लगाने की उठी मांग

रोहतक। शहर के मोहल्लों के पार्कों में मेले, स्टाल और रावण दहन जैसे आयोजनों पर रोक लगाने की मांग उठी है। पर्यावरण संरक्षण एवं पार्क बचाओ अभियान से जुड़े नागरिकों और आरडब्ल्यूए सुभाष नगर के सदस्यों ने जिला उपायुक्त, नगर निगम आयुक्त, महापौर और संयुक्त आयुक्त को शिकायत पत्र सौंपा। समाजसेवी प्रवीन सहगल ने कहा कि पार्क हरियाली और स्वच्छ वातावरण के केंद्र हैं, जहां लोग सैर करते हैं तथा बच्चे और बुजुर्ग समय बिताते हैं। आयोजनों से घास, पौधों, पेड़ों और पार्कों की मूल संरचना को नुकसान पहुंचता है, जबकि रखरखाव पर प्रशासन और निवासी संसाधन खर्च करते हैं। जसबीर कुमार ने डी पार्क मार्केट में कुछ महीने पहले हुई आगजनी का हवाला देकर सुरक्षा नियमों के सख्त पालन की मांग की। राजेश मलिक ने कहा कि रावण दहन निर्धारित स्थानों पर हो, क्योंकि पार्कों में आयोजनों से यातायात भी प्रभावित होता है।नागरिकों ने व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक और स्पष्ट पर्यावरण नीति बनाने की मांग की। इस मौके पर राजीव कादयान, शैलेन्द्र शर्मा, शिव कुमार, विकास, राजेन्द्र प्रसाद, देवेन्द्र छाबड़ा और जगबीर भी मौजूद रहे।



खबर संक्षेप



निवेश के नाम पर ठगी हो तो तुरंत 1930 पर करें शिकायत

रोहतक। ऑनलाइन निवेश और ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच साइबर ठगी का कारण बन सकता है। ऐसे मामलों में समय पर शिकायत करने से ठगी की रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोकने की संभावना बढ़ सकती है। इसी संदेश के साथ रोहतक पुलिस ने राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत एकता कॉलोनी में लोगों को जागरूक किया और ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करने की अपील की।

इंस्पेक्टर रोशन लाल होंगे महम थाना प्रभारी

महम। महम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतपाल सिंह का तबादला हो गया है। उनको रोहतक पुलिस लाइन में भेजा गया है। अब इंस्पेक्टर रोशन लाल महम थाना प्रभारी होंगे। रोशन लाल को रोहतक पुलिस लाइन से महम भेजा गया है।

राजकीय महाविद्यालय महम में वार्षिक खेल उत्सव आज

महम। शुक्रवार 16 अक्टूबर को महम के राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव मनाया जाएगा। प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत ने बताया कि महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी खेल समारोह की मुख्य अतिथि होंगी।

माता रानी की चौकी व भंडारा 18 अक्टूबर को

महम। महम में पूर्व विधायक बलराज कुंडू के ऑफिस पर 18 अक्टूबर को माता रानी चौकी और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पार्षद बजरंग गोयल उर्फ बॉबी गोयल ने बताया कि सुबह दस बजे दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दस बजे से साढ़े 10 बजे तक गणेश पूजन, साढे दस बजे से साढ़े 12 बजे तक माता की चौकी लगाई जाएगी। दोपहर एक बजे भंडारा लगाया जाएगा। पूर्व विधायक बलराज कुंडू व उनकी धर्मपत्नी परमजीत कुंडू समर्थकों के साथ रूबरू होंगे। कुंडू ने सभी हलका वासियों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मंत्री शर्मा

महम। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा रविवार 18 अक्टूबर को कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा और पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, गृह मंत्रालय की भारत सरकार की डायरेक्टर डॉ. चित्रलेखा शर्मा व जय हिंद मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा भी भाग लेंगे। मदीना गिंधराण की सरपंच एवं दिशा कमेटी हरियाणा की सदस्या अंजू देवी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।



मां स्कंदमाता की पूजा कर भक्तों को बांटा प्रसाद

रोहतक। शहर के दुर्गा भवन मंदिर में शारदीय नवरात्रि का पांचवां उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस अनुष्ठान के दौरान मां स्कंदमाता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पांचवें दिन भक्तों ने 1008 कनेर के फूलों से माता की आराधना की और केसर युक्त खीर का भोग लगाकर इसे प्रसाद रूप में वितरित किया।पुजारी आचार्य मनोज मिश्रा ने बताया कि स्कंदमाता की उपासना से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और अलौकिक तेज की प्राप्ति होती है। रात्रि 7:15 बजे से भव्य माता की चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भजनों और 'जय माता दी' के जयकारों से पूरे मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। महाआरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले के छठे दिन महाआरती के दौरान पुष्पवर्षा

राम-भरत मिलाप का मंचन देखकर भावुक हो गए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुरानी आईटीआई ग्राउंड, सर्कुलर रोड पर श्री रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव एवं दशहरा मेले के छठे दिन राम-भरत मिलाप के भावपूर्ण मंचन ने दर्शकों को भावुक कर दिया। चित्रकूट में भगवान श्रीराम और भरत के मिलन का दृश्य देखकर पंडाल में बैठे कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। कलाकारों के सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों के बीच पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान भगवान श्रीराम की बारात भी गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। वहीं, कमेटी ने एक जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाकर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की।

मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि छठे दिन का शुभारंभ हरिद्वार के मंगला आश्रम से आए स्वामी सुरेशानंद महाराज के सान्निध्य में हुआ। अतिथियों ने फीता काटकर रामलीला का उद्घाटन किया और भगवान श्रीराम की संगीतमय महाआरती की। इस दौरान पुष्पवर्षा भी की गई। अतिथियों को कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। मंचन में राजा जनक द्वारा सीता की विदाई, महारानी कैकेयी के दो वरदान मांगने और भगवान श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास मिलने के प्रसंग दिखाए गए। पिता दशरथ के वचन की मर्यादा रखने के लिए श्रीराम ने राजमहल के सुखों का त्याग कर वनवास स्वीकार किया। माता सीता और लक्ष्मण भी उनके साथ वन जाने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद श्रीराम और केवट के संवाद ने भक्ति और समर्पण का संदेश दिया।



रोहतक। पुरानी आईटीआई ग्राउंड में श्री रामलीला उत्सव कमेटी में आयोजित रामलीला में मंचन के दौरान राम, लक्ष्मण, और सीता अपने पिता से संवाद करते। फोटो : हरिभूमि

गाजे-बाजे के साथ निकली श्रीराम बारात

महोत्सव के दौरान बाबा बालकपुरी के डेरे से भगवान श्रीराम की बारात निकाली गई। श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते हुए पंडाल पहुंचे। कमेटी ने एक जरूरतमंद कन्या का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों से करवाया और नवविवाहित जोड़े को गृहस्थ जीवन के लिए आवश्यक सामान भेंट किया। इस पहल के माध्यम से धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक सेवा का संदेश भी दिया गया।



रोहतक। श्री प्राचीन रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा रामलीला में मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

न्यूज डायरी



समाधान शिविर में शिकायतों के निपटारे के निर्देश

रोहतक। रोहतक जिले में जिला मुख्यालय के अलावा सांपला और महम में समाधान शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निपटारे के निर्देश दिए गए। सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक ये शिविर लगाए जाते हैं। लघु सचिवालय में आयोजित शिविर में एसडीएम आशीष कुमार, आरटीए सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश शुभम, पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने लोगों की शिकायतें सुनीं। अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सांपला में एसडीएम अंकिता पुवार ने अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि नागरिक प्रत्येक सोमवार और वीरवार को आयोजित शिविर में किसी भी विभाग से संबंधित शिकायत रख सकते हैं। महम में एसडीएम विपिन कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया शुरू कर समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान

रोहतक। स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय (जीपीजीसीडब्ल्यू), रोहतक की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।खराब मौसम और बारिश के बावजूद एनएसएस स्वयंसेविकाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। स्वयंसेविकाओं ने पूरे जोश व समर्पण के साथ परिसर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. सुमन, हर्ष, डॉ. सिंकी शर्मा और स्वाति बल्हारा के साथ स्वयं अभियान में शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य डॉ. हुड्डा ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को अपनी दैनिक जीवन शैली का हिस्सा बनाने और स्वच्छ समाज के निर्माण में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया।



मतदाता पंजीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम

रोहतक। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मतदाता पंजीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरिंदर सांगवान के संरक्षण में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. विकास खोखर ने विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया, मतदान के महत्व तथा नागरिकों के अधिकारों व कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना और मतदान में सक्रिय भागीदारी निभाना आवश्यक है। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश दहिया, सुनीता देवी, कैप्टन डॉ. रश्मि, डॉ. सुमित हुड्डा, सुनीता गोयत, निकिता और अतीक खान सहित अनेक प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक कर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था।

नितानंद स्कूल के 3 छात्रों ने पास की एनडीए



रोहतक। स्वामी नितानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोहतक के तीन विद्यार्थियों गौरव दूहन, हर्षित हुड्डा और देव अहलावत ने एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। गौरव दूहन और हर्षित हुड्डा ने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता हासिल की। विद्यालय के डीजीपी हॉस्टल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी एसएसबी इंटरव्यू के लिए शुभकामनाएं दीं। ये तीनों विद्यार्थी साथ साथ आईआईटी के लिए भी प्रयासरत हैं । इस सफलता के लिए इन्होंने सारा श्रेय अपने माता-पिता के संस्कारों और चाँद, सोमबीर अहलावत और कृष्ण के अथक प्रयासों को दिया ।

शिविर में 59 लोगों ने किया रक्तदान



महम। भारत विकास परिषद एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महम के संयुक्त तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद् के प्रधान एवं महम नगर पालिका के पार्षद बजरंग गोयल उर्फ बॉबी ने बताया कि शिविर में संस्थान के स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों एवं अन्य रक्तदाताओं सहित कुल 59 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैप्टन संदीप नैन, विशिष्ट अतिथि के तौर पर इंद्र सिंह सैनी प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयवीर अहलावत ने की। कार्यक्रम में सुभाष गुप्ता एटर्नल एंड गोल्ड मेडलिस्ट टेक्सास, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष बजरंग गोयल (बोबी), सचिव अतुल गर्ग, कोषाध्यक्ष प्रदीप गोयल तथा महिला सहभागिता प्रमुख सोनिया सोहिलिया, राजेश, कपिलदेव व रामबीर समेत क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति एवं आईटीआई महम के कई अनुदेशक मौजूद थे।

एमडीयू गैर-शिक्षक चुनाव: कर्मचारी सुरक्षा मंच ने घोषिए किए उम्मीदवार, प्रधान के लिए फूल कुमार का नाम

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) परिसर स्थित रोज गार्डन में कर्मचारी सुरक्षा मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 28 अक्टूबर को होने वाले गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के चुनावों की तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करना था। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों के नामों का आधिकारिक ऐलान किया गया।

घोषित सूची के अनुसार, प्रधान पद के लिए फूल कुमार बोहत, महासचिव पद के लिए हरिप्रकाश भारद्वाज, उपप्रधान पद के लिए प्रेम सिंह सजवाण, सह सचिव पद के लिए भगत उर्फ चीकू तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ. राजेश शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा गया है। उम्मीदवारों की घोषणा के बाद बैठक में मौजूद सभी कर्मचारियों ने पूरी एकजुटता दिखाते हुए इन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।यह बैठक पार्टी अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, ऋषिपाल गहलोत और पार्टी के विशेष सलाहकार एवं पूर्व महासचिव विवेक त्यागी की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर संघ के प्रमुख पदाधिकारी भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे, जिनमें प्रधान सुरेश कौशिक, महासचिव विजय पाल धनखड़, उपप्रधान प्रेम सिंह सजवाण, सहसचिव राजकुमार और कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा शामिल हैं। पूर्व सह-सचिव रमेश रोहिला, सलाहकार कुलदीप ग्रोवर, सहायक कुलसचिव कांता, सुमन, सुपरिंटेंडेंट जसपाल कौर, निशा, प्रीति सहित विश्वविद्यालय के सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

मंडियों में खरीद के साथ फसल का समय पर उठान सुनिश्चित करें अधिकारी

रोहतक। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीफ खरीद सीजन 2026-27 में किसानों को मंडियों में धान और बाजरे की बिक्री के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर में फसलों की आवक, खरीद और उठान की समीक्षा की। वर्षा के मद्देनजर मंडियों में फसल की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध करने और खरीद के बाद समय पर उठान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद जिला प्रशासनिक सचिव एवं फरीदाबाद मंडल के आयुक्त संजय जून ने लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की मंडियों में खरीद व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों को नियमित रूप से मंडियों का दौरा करने और खरीद व उठान की निगरानी करने के निर्देश दिए। मंडियों में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों को भी व्यवस्थाओं का जायजा लेने को कहा, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में सांपला की एसडीएम अंकिता पुवार, आरटीए सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, एसडीएम आशीष कुमार व विपिन कुमार, सहकारी चीनी मिलों की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग व मुकुल तंवर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र और जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक मनीषा मेहरा सहित खरीद एजेंसियों, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड और मार्केट कमेटियों के अधिकारी मौजूद रहे।

फरमाणा में सेवा सेतु शिविर, योजनाओं के लिए पंजीकरण किया

महम। गांव फरमाणा में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया। पंजीकृत लोगों को पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाया जाएगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न मॉड्यूल के माध्यम से जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं संकल्प के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना है।

भव्य सनातनी सम्मेलन की तैयारी तेज, महंत कपिलपुरी ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ



रोहतक। दशहरे के पावन अवसर पर 20 अक्टूबर को नई अनाज मंडी के सामने ओल्ड शुगर मिल ग्राउंड पर होने वाले भव्य सनातनी सम्मेलन की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर बुधवार शाम को महंत कपिल पुरी महाराज ने नारियल फोड़कर श्री सनातनी युवा फाउंडेशन के सभी सदस्यों को इस आयोजन की शुभकामनाएं दीं। नई अनाज मंडी के सामने स्थित ओल्ड शुगर मिल ग्राउंड में शाम 4 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम के माध्यम से सनातन संस्कृति, भगवान श्रीराम के आदर्शों और भारतीय धार्मिक परंपराओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पूर्व सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मनीष कुमार ग्रोवर ने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाते हुए महंत कपिल पुरी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमेन अशोक चौधरी, समाजसेवी पवन आहूजा, राकेश आर्य, ईश्वर सिंगल, राजू मदान, सुबेर सैनी, पंकज भालोठिया, विनोद जैन, नरेश मित्तल, चंदन बक्शी, गुलशन निझावान, तरुण दुआ, विकास बंसल, संदीप गर्ग, अनिल स्वामी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

आरपीएस स्कूल में राष्ट्रीय समूहगान व संस्कृत गायन प्रतियोगिता



रोहतक। भारत विकास परिषद युवा संस्कार शाखा द्वारा आज आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय समूहगान एवं संस्कृत गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के पांच प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा, संगीत कौशल तथा भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद युवा संस्कार शाखा के अध्यक्ष अमित मित्तल, सचिव रेनू खटोर, कोषाध्यक्ष अक्षय गोयल, संपर्क संयोजक अमित नागपाल, संस्कार संयोजक रमन मेहता एवं विशिष्ट अतिथि विनोद गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही।प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्य सुनील, मीनू एवं संजीव द्वारा किया गया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति, गायन शैली, सामूहिक तालमेल एवं संस्कृत उच्चारण के आधार पर परिणाम घोषित किए। इस अवसर पर प्रिंसिपल अंजू कुमारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सामूहिकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। भारत विकास परिषद युवा संस्कार शाखा का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना है।

एलएन हिंदू कॉलेज में विद्यार्थियों ने सीखे योग व ध्यान के गुर



रोहतक। शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मन को शांत और एकाग्र बनाए रखने के उद्देश्य से श्री एलएन हिंदू कॉलेज, रोहतक में योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। 'सेवा मेरा योगदान–सेवा संकल्प अभियान' के तहत विद्यार्थी कल्याण विभाग, एनएसएस सेल और योग विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सत्र में विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में डॉ. अंजू देशवाल, डॉ. रजनी कुमारी, डॉ. प्रवीण शर्मा और मोहित के दिशानिर्देशन में आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित योग और ध्यान से तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर अनिला बठला, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. पूनम, सुजाता, कुमारी मीनाक्षी, सुमन, श्वेता बठला और एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

महम नगर पालिका ने 305 बेसहारा पशुओं को पकड़वाया



महम। नगर पालिका महम द्वारा शहर को बेसहारा एवं आवारा पशुओं से मुक्त बनाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पशु पकड़ने का विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत नगर पालिका की टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़कर निर्धारित स्थान पर पहुंचाने की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना तथा नागरिकों को आवारा पशुओं से होने वाली परेशानियों से राहत दिलाना है। अब तक इस अभियान के तहत 305 बेसहारा पशुओं को पकड़ा जा चुका है। नगर पालिका महम की प्रधान भारती पंवार ने कहा कि शहरवासियों को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध करवाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पशु पकड़ने के अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए तथा शहर के मुख्य मार्गों, बाजारों और रिहायशी क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखी जाए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें और शहर को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें।

उपमंडल अधिकारी ने कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनीं



महम। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) विपिन कुमार ने वीरवार को उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। एसडीएम विपिन कुमार ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समाधान प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से विचार करते हुए उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिन मामलों में मौके पर ही कार्रवाई संभव है, उनमें बिना देरी किए आवश्यक कदम उठाए जाएं, जबकि अन्य मामलों में संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई पूरी करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निपटारे में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक मामले की प्रगति पर नजर रखी जाए। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि शिकायतकर्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें नियमानुसार राहत प्रदान की जाए। एसडीएम विपिन कुमार ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं संबंधित अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं और उनका समयबद्ध समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

नौ परिवारों के बिजली बिल शून्य हो गए, सरकार पात्र परिवारों को अधिकतम 1.10 लाख रुपये तक अनुदान दे रही

नांदल में 16 परिवारों ने लगवाए सोलर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत गांव नांदल में 16 परिवारों ने घरों की छतों पर सोलर प्लांट लगवाए हैं। इनमें से नौ परिवारों के बिजली बिल शून्य हो गए हैं। अन्य लाभार्थियों के बिल भी जल्द शून्य होने की उम्मीद जताई गई है। योजना के तहत केंद्र और हरियाणा सरकार मिलकर पात्र परिवारों को अधिकतम 1.10 लाख रुपये तक अनुदान दे रही हैं। विजेंद्र, दीपक, प्रदीप कुमार, कर्मवीर, सोनू और जितेंद्र ने दो-दो किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट लगवाए हैं। वहीं, भूतपूर्व सैनिक सुरेश कुमार ने तीन किलोवाट का प्लांट स्थापित करवाया। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीने से उनका बिजली बिल शून्य आ रहा है। संदीप कुमार और सुनील कुमार ने भी तीन-तीन किलोवाट के सोलर प्लांट लगवाए हैं।

बिना ब्याज ऋण की सुविधा

सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना के तहत बिजली वितरण कंपनियां पांच किलोवाट तक के रूफटॉप सोलर प्लांट के लिए 19,500 रुपये प्रति किलोवाट की दर से अधिकतम 97,500 रुपये तक बिना ब्याज ऋण भी उपलब्ध करवा रही हैं। बिजली बिल बकाया नहीं होने की शर्त पर सरकारी कर्मचारी भी इसका लाभ ले सकते हैं। योजना की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 15555 और 1912 पर संपर्क किया जा सकता है।

दोनों सरकारों से मिल रहा अनुदान

योजना के तहत केंद्र सरकार एक से तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट पर पात्रता के अनुसार 30 हजार से 78 हजार रुपये तक सब्सिडी देती है। हरियाणा सरकार भी निर्धारित आय और बिजली खपत की शर्तें पूरी करने वाले परिवारों को एक किलोवाट पर 25 हजार और दो किलोवाट पर 50 हजार रुपये तक अतिरिक्त अनुदान देती है। इस तरह पात्र परिवारों को दो किलोवाट के प्लांट पर कुल 1.10 लाख रुपये तक सहायता मिल सकती है।

पैरा एशियन गेम्स में रिंकू और कर्मज्योति करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के दो खिलाड़ियों का पैरा एशियन गेम्स में चयन हुआ। इसमें रिंकू हुड्डा का चयन भाला फेंक में हुआ है और कर्मज्योति का चयन डिस्कस थ्रो में हुआ है। यह प्रतियोगिता 18 से 24 अक्टूबर तक जापान में आयोजित की जाएगी।

हादसे को मात दे एशियन तक पहुंचे धामड़ गांव के रिंकू



जीवन में आई बड़ी से बड़ी चुनौती भी अगर मजबूत इरादों के आगे घुटने टेक दे, तो सफलता की एक नई इबारत लिखी जाती है। रोहतक जिले के धामड़ गांव के निवासी पैरा एथलीट रिंकू की कहानी भी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायी है। रिंकू के बड़े भाई अनुज के अनुसार, वर्ष 2003 में खेत में काम करने के दौरान थ्रेशर/धान के पंखे की चपेट में आने से रिंकू ने अपना बायां हाथ गंवा दिया था। हादसे से पहले रिंकू क्रिकेट के शौकीन थे। इस गंभीर हादसे के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और वर्ष 2013 में पैरा खेलों की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद रिंकू ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने वर्ष 2014 में पंचकूला में अपनी पहली राज्य स्तरीय स्पर्धा खेली। इसके बाद 2015 में गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। महज 16 वर्ष की उम्र में उन्होंने 2016 के रियो पैरालंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार 5वां स्थान हासिल किया। रिंकू की इस अभूतपूर्व सफलता और संघर्ष यात्रा में उनके परिवार का निरंतर सहयोग रहा।

उपलब्धियां

रिंकू ने वर्ष 2019 नेशनल पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक जीता व वर्ल्ड चैंपियनशिप दुबई में चौथा स्थान हासिल किया। वर्ष 2020, 2021, 2022 व 2023 में नेशनल पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक जीते। 2023 एशियन पैरा गेम्स में रजत पदक और वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।

18 साल पहले छत से गिरी फिर चल नहीं पाई



हौसले और दृढ़ संकल्प के आगे शारीरिक बाधाएं भी घुटने टेक देती हैं, इसका जीवंत उदाहरण हैं रोहतक की बेटी कर्मज्योति दलाल। जापान के नागोया में 18 अक्टूबर से आयोजित होने वाले पैरा एशियाड में 39 वर्षीया कर्मज्योति डिस्कस थ्रो स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। साल 2008 में छत से गिरने के कारण कर्मज्योति की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी थी और वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गई थीं। बचपन से मिर्गी (एपिलेप्सी) की बीमारी और इस बड़े हादसे के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। भाई अमित की प्रेरणा से उन्होंने दोबारा खेलों का रुख किया और डिस्कस थ्रो को अपना मुख्य खेल बनाया।

न्यूज डायरी

द आर्यन के तीन छात्रों ने पास की एनडीए परीक्षा



रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल, करौन्था, रोहतक के लिए यह गर्व और हर्ष का विषय है कि विद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थियों पारुल, गौरव और यथार्थ ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी 2026 की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। निदेशक सुनीता अहलावत ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। प्रधानाचार्य आर. के. खन्ना ने भी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि एनडीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण करना एक बड़ी उपलब्धि है।

बाबा मस्तनाथ विवि में डांडिया महोत्सव की धूम



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मेडिकल एंड एलाइड हेल्थ साइंसेज की ओर से आईक्यूएसी के सहयोग से मिनी ऑडिटोरियम में डांडिया महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक रैंप वॉक, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट तथा एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिताएं मुख्य आकर्षण रहीं, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा व रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन एचओडी एवं कन्वीनर डॉ. चारु शर्मा के मार्गदर्शन, को-कन्वीनर डॉ. वैशाली और ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सपना की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें डॉ. सुमन, डॉ. प्रदीप, डॉ. प्रलेख, डॉ. प्रीति सांगवान, डॉ. ज्योति, डॉ. प्रीति, सुश्री जागृति, डॉ. जानवी, डॉ. जसविंदर व विवेक का सराहनीय योगदान रहा।

पठानिया स्कूल में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता



रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी भाषा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने 'असफलता-सफलता की सीढ़ी है', 'मोबाइल-वरदान या अभिशाप' और 'नियमों के बिना दुनिया' जैसे समसामयिक विषयों पर अपने प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। शिक्षिकाओं सुनीता वर्मा, सरिता चोपड़ा, रश्मि राहा और मोनिका पाहवा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मंच संचालन संभाला। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं से लगभग 60 विद्यार्थियों को विजेता चुना गया। निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को निर्भीक बनाती हैं। इस अवसर पर को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीती ढांडा सहित समन्वयक प्रभा शर्मा, मीना श्योराण व अन्नु सहरावत मौजूद रहीं।

जीविका और युवी कुश्ती में स्टेट लेवल पर चयनित



रोहतक। विकास पहलवान व्यायामशाला के युवा खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। अंडर-11 स्कूल कुश्ती टूर्नामेंट में व्यायामशाला के पहलवान जीविका सहरावत और युवी ने शानदार दांव-पेंच दिखाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जिसके बाद दोनों का चयन स्टेट चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता में कुणाल और खुशबू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट के लिए अपना स्थान पक्का किया। इस अवसर पर कुश्ती कोच मंजेश, कोच बंटी, कोच दिवेक के साथ-साथ पूर्व सरपंच अनिल मेहरा, रेणु, प्रीतम और दीपक ने सभी विजेता खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

एमडीएन स्कूल में करियर काउंसलिंग पर कार्यक्रम



रोहतक। एम.डी.एन. पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा के विविध विकल्पों और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. पँवार तथा नीदरलैंड से आई शिक्षिका रेबेका ने किया। आरएम करियर ब्राइट कंपनी द्वारा आयोजित इस सत्र में कैप्टन मलिक राज और डॉ. अमित भारतीय की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में एमिटी, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल, जी.एल.ए., बेनेट, चिटकारा, पारुल और पीआईईटी सहित देश के 14 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. आर. एस. पँवार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ लक्ष्य निर्धारित करने का संदेश दिया।

डीएवी में यज्ञ के साथ प्रेरणा सप्ताह का शुभारंभ



रोहतक। डी.ए.वी. कालेज प्रबन्धकर्तृ समिति, नई दिल्ली के निर्देशानुसार आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा एवं आर्य युवा समाज, हरियाणा के तत्वावधान में 15 से 24 अक्टूबर 2026 तक पूरे प्रदेश के डी.ए.वी. संस्थानों में 'प्रेरणा सप्ताह' आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य शंकर लाल मुख्य यजमान एवं वक्ता रहे। यज्ञ ब्रह्मा की भूमिका धर्मशिक्षक जितेन्द्र शास्त्री और संगीत शिक्षक गुलशन चोपड़ा ने निभाई। इस दौरान छठी और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने मधुर भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

हॉकी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शनः 11वें फ्लोरबॉल फेडरेशन कप में हासिल किया दूसरा स्थान

रोहतक। जाट कॉलेज के मैदान में नियमित अभ्यास करने वाले हॉकी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में हरियाणा फ्लोरबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 11वें फ्लोरबॉल फेडरेशन कप-2026 में खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने बधाई व शुभकामनाएं दीं। संस्था के प्रधान ने कहा कि खिलाड़ियों को जाट संस्था में हर संभव सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और हॉकी के प्रोत्साहन के लिए मखमली घास लगाकर नया मैदान भी तैयार किया जा रहा है। इस सफलता के पीछे जाट कॉलेज के पूर्व छात्र, राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी शत्रुंजय सैनी के विशेष प्रयास रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य कॉलेज में हॉकी को पुनर्जीवित करना और युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करना है।

कुश्ती अखाड़ा केसरी कुमार दंगल-2026: 17 व 18 अक्टूबर को होंगे जिला स्तरीय ट्रॉयल

रोहतक। खेल विभाग, हरियाणा द्वारा खेल कैलेंडर-2026 के अंतर्गत 'कुश्ती अखाड़ा केसरी कुमार दंगल (पुरुष एवं महिला)-2026' का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय इस दंगल के लिए हरियाणा की टीमों का चयन करने हेतु 17 और 18 अक्टूबर 2026 को प्रदेश के सभी जिलों में चयन ट्रॉयल आयोजित किए जाएंगे। खेल विभाग के उप निदेशक एवं नोडल अधिकारी राममेहर सिंह द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सभी जिला खेल अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में ट्रॉयल की समुचित व्यवस्था करने के आदेश दिए गए हैं। ट्रॉयल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के पास हरियाणा का मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

दंगल का शेड्यूल एवं स्थल

1. सीनियर वर्ग एवं केसरी-कुमार टाइटल (फ्रीस्टाइल, ग्रीको-रोमन व महिला कुश्ती): 22 से 24 अक्टूबर 2026 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम, पलवल में आयोजित होगा।
2. अंडर-17 एवं अंडर-20 वर्ग (पुरुष व महिला): 29 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई (सोनीपत) के इंडोर हॉल में आयोजित होगा।
3. हरियाणा केसरी (मिट्टी-पुरुष): यह ओपन वर्ग प्रतियोगिता सीधे राज्य स्तर पर आयोजित की जाएगी।

इनामी राशि

भार वर्ग के स्वर्ण पदक विजेताओं को 21,000, रजत पदक विजेताओं को 11,000 और कांस्य पदक विजेताओं को 5,100 रूपये की नकद राशि दी जाएगी। वहीं 'हरियाणा केसरी' खिताब विजेताओं को 1,51,000 नकद व गुर्ज तथा 'हरियाणा कुमार' एवं 'हरियाणा कुमारी' विजेताओं को 1,00,000 रूपये की नकद राशि दी जाएगी।

हरियाणा के 82 पुरुष व 40 महिला एथलीट जयपुर में पदक जीतने उतरेंगे

6वीं नेशनल ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 122 खिलाड़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 6वीं नेशनल ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 का 3 दिवसीय महाकुंभ 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर (राजस्थान) में शुरू हो रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा ने अपने खेल वर्चस्व को साबित करते हुए किसी भी अन्य राज्य से सबसे बड़ा 122 सदस्यीय दल मैदान में उतारा है। इस दल में 82 पुरुष और 40 महिला एथलीट शामिल हैं, जो राज्य के मजबूत खेल ढांचे और प्रतिभा की गवाही दे रहे हैं।

एथलेटिक्स हरियाणा के खेल प्रभारी सत्यवीर धनखड़ और महासचिव प्रदीप मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार के दल में हिसार, रोहतक, जींद और भिवानी जैसे जिलों के खिलाड़ियों का विशेष दबदबा देखने को मिल रहा है। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट अभ्यास और हालिया प्रदर्शन को देखते हुए खेल प्रेमियों और प्रशिक्षकों में पूरा विश्वास है कि हरियाणा इस बार अंडर-23 वर्ग की पदक तालिका में टॉप-3 में अपना स्थान पक्का करेगा।

हरियाणा की महिला एथलीट

दल में शामिल प्रमुख महिला एथलीट अपनी खेल प्रतिभा का जलवा बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं

प्रमुख नाम: अंजू, मोनिका, आरती, अक्षमा, अंजलि, अंकिता, बास्कर, गरिमा, हिमांशी, ज्योति, खुशबू, कृतिका, महक, मीनू, मुस्कान, निधि, पलक, परीक्षा, प्रगति, प्रिया, रेनुका, सपना, सीमा, स्नेह, सोनिका, तमन्ना, छोटी देवी, चंचल जाखड़, पूजा कुमारी, पायल, आंचल रानी, केविन सग्गू, भारती सैनी, शिवानी शर्मा, सविता वर्मा और तमन्ना यादव।

हरियाणा के पुरुष एथलीट

पुरुष वर्ग में देश के अन्य राज्यों को कड़ी टक्कर देने के लिए हरियाणा के ये धुरंधर ट्रैक और फील्ड पर उतरेंगे:

प्रमुख नाम: आदित्य, अंकित, अंशुअल, आर्यन, छोटू, दीपांशु, देपांशु, धोनी, हरिकेश, हर्ष, हिमांशु, इस्लामुद्दीन, कृष्ण, लघुराज, लक्ष्य, मनदीप, मनीष, अर्जुन, निखिल, निखलेश, नितीश, प्रतीक, प्रिंस, राहुल, रितेश, रोहित, सचिन, शुभम, सौरभ, सुमित, विकाश, विशाल, यश, युवराज, हर्ष भदोरिया, प्रियांशु भाकर, तरुण चौहान, सौरव दहिया, सौरभ देशवाल, जयदीप जाखड़, दीपक जांगड़ा, आदेश जिंदड़, निशांत करहाना, जुनैद खान, वासिम खान, अजय कुमार, अमित कुमार, अनुज कुमार, कमल कुमार, परवीन कुमार, रितेश कुमार, तनुज कुमार, राम मोहन, मोहित, सौरव पाल, अमित पुंडिर, प्रियांशु पुंडिर, कपिल राइका, रामिकेश, सुमित राठी, गितांशु सैनी, क्षितिज शर्मा, तरुण शेखावत, अजय सिंह, करनैल सिंह, दिनेश तंवर, लक्षय त्यागी, शिवम वैष्णव, अभिषेक वत्स, रोहित वत्स, विजय, कुणाल यादव, निखिल यादव और साहिल यादव।

खेल, विज्ञान व कला में छाए सांगवान स्कूल के छात्र



रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल, शिक्षा और रचनात्मक कला के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। खेल महाकुंभ की जिला स्तरीय एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में लगभग 1100 छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें विद्यालय की नौवीं कक्षा की प्राची सांगवान ने द्वितीय और सातवीं कक्षा की ऋषिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान एवं अन्य गणमान्य अधिकारियों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं।

खो-खो चयन ट्रॉयल में 135 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

रोहतक। खेल विभाग, रोहतक द्वारा जिला स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता के अंतर्गत खो-खो (लड़के एवं लड़कियां) के चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और खेल नर्सरियों के खिलाड़ियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। चयन प्रक्रिया में 60 लड़कियों और 75 लड़कों सहित कुल 135 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, फुर्ती और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खो-खो कोच शिव कुमार ने बताया कि चयन पूरी तरह से प्रदर्शन और प्रतिभा के आधार पर किया गया है। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी अनूप कुमार, डॉ. राम कुमार (प्राचार्य, सैनी स्कूल), कृष्ण कुमार , कोचजसवंत हुड्डा , कोच वीरपाल हुड्डा, खेल नर्सरी कोच रोहित सैनी व संजीव राठी, बिजेंद्र, एडवोकेट मुकेश सैनी, गौरव गौतम (लीग खिलाड़ी) तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहित दिवाकर व ध्रुव सैनी सहित अन्य खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।



चुनाव संचालन एक जिम्मेदारी और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया



रोहतक। भारत में लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए तथा आम नागरिकों में चुनाव प्रक्रिया में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए वोटर जागरूकता बेहद जरूरी है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में सेवा संकल्प अभियान- सेवा मेरा योगदान श्रृंखला के तहत वोटर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एमडीयू के राजनीति विज्ञान विभाग, छात्र कल्याण कार्यालय तथा जनसंपर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस वोटर जागरूकता कार्यक्रम में हरियाणा प्रशासनिक सेवा अधिकारी, एसडीएम कोसली विजय यादव ने बतौर मुख्य वक्ता भाग लिया तथा विद्यार्थियों से भारत में चुनावी प्रक्रिया, चुनाव आयोग की भूमिका, प्रदेश सरकार की चुनाव संचालित करने की भूमिका, मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया, चुनाव संचालन के विभिन्न आयामों समेत चुनाव के विविध पहलुओं बारे विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम कोसली विजय यादव ने कहा कि बतौर प्रशासक चुनाव संचालन एक जिम्मेदारी पूर्ण, चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है।



महम। निडाना में जागरूकता रैली निकालते आर्य स्कूल मदीना के विद्यार्थी।

आर्य स्कूल के विद्यार्थियों ने निडाना में निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

महम। भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के मौके पर आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मदीना की एनएसएस विंग द्वारा गांव निडाना में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रैली में कक्षा 11वीं के एनएसएस छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य अशोक दांगी ने कहा कि एनएसएस की भूमिका समाज निर्माण में अहम है। उन्होंने कहा कि समाज के साथ, समाज के लिए काम करना एक उत्तम नागरिक का दायित्व ही नहीं, कर्तव्य भी है। उन्होंने गांव वासियों के साथ स्वच्छता का संकल्प दोहराया और सभी से डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर सादा जीवन, उच्च विचार और समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया।

पीजीआईएमएस में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज आज

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा स्टार्टअप हरियाणा, हरियाणा सरकार के सहयोग से सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कल तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया है।

डॉ. एच के अग्रवाल ने बताया कि कल सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पीजीआईएमएस के एलटी-1 हॉल में ई टू इनोवेट विषय पर तकनीकी सत्र आयोजित होगा। इस सत्र के मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डीन एवं फार्मास्युटिकल साइंसेज संकाय के डीन प्रो. डॉ. हरीश दुरेजा होंगे। प्रो. दुरेजा युवाओं को नए आइडियाज विकसित करने, पेटेंट प्रक्रिया और आइडियाज को जनहित में प्रभावी बनाने के गुर सिखाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवा शोधकर्ताओं में सेवा भाव के साथ नवाचार की सोच विकसित करना है ताकि उनके आइडिया केवल प्रयोगशाला तक सीमित न रहकर जनता के हित में काम आ सकें। विश्वविद्यालय इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को स्टार्टअप और आत्मनिर्भर भारत से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।



डॉ. अंजना को मिला अग्ररत्न सम्मान

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के लोक प्रशासन विभाग की पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. अंजना गर्ग को उनके दीर्घकालीन शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'अग्ररत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट, महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट तथा महारानी माधवी रामायणी ट्रस्ट, रोहतक की ओर से प्रदान किया जाने वाला यह सम्मान संस्थाओं के सर्वोच्च सम्मानों में शामिल है। इस वर्ष यह सम्मान एक महिला और एक पुरुष को प्रदान किया गया। डॉ. अंजना गर्ग ने विश्वविद्यालय में अध्यापन, शोध निर्देशन एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे हरियाणा अध्ययन केंद्र की पूर्व निदेशक रह चुकी हैं तथा भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के बोर्ड की सदस्य के रूप में भी सेवाएँ दे चुकी हैं।

महिला मालिकों और दिव्यांगजनों को मिलेगी छूट

संपत्ति के मूल्य व इस्तेमाल के आधार पर लगेगा टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार की नई संपत्तिकर व्यवस्था 1 नवंबर 2026 से प्रदेश के सभी नगर निगम क्षेत्रों में लागू हो जाएगी। इसके बाद संपत्तियों पर नई अधिसूचना के अनुसार ही संपत्तिकर देय होगा। वहीं, संपत्ति मालिकों को 31 अक्टूबर 2026 तक वर्तमान नीति के तहत टैक्स जमा करवाने का विकल्प मिलेगा। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना अपना बकाया संपत्तिकर जमा करवाएं और संपत्ति का विवरण सही रखें।

आयुक्त ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार नई व्यवस्था का उद्देश्य संपत्तिकर निर्धारण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, तर्कसंगत और समानता पर आधारित बनाना है। इसके तहत संपत्ति का टैक्स उसके पूंजीगत मूल्य, लागू कर दर और उपयोग के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। रिहायशी, वाणिज्यिक, औद्योगिक और संस्थागत संपत्तियों के लिए अलग-अलग प्रावधान किए गए हैं। इससे संपत्ति के वास्तविक उपयोग और आकार के अनुसार कर निर्धारण किया जाएगा। आवासीय संपत्तियों पर 0.029 प्रतिशत और गैर-आवासीय संपत्तियों पर 0.09 प्रतिशत की आधार वार्षिक संपत्तिकर दर निर्धारित की गई है। रोहतक नगर निगम ए-2 श्रेणी में शामिल है। निगम नई व्यवस्था के तहत सरकार की अधिसूचना में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार कर की गणना करेगा।

महिला मालिकों व दिव्यांगजनों को भी मिलेंगी रियायतें

नई व्यवस्था में पात्र धार्मिक संस्थानों, सरकारी अस्पतालों, सरकारी शिक्षण संस्थानों, गौशालाओं और कृषि उपयोग वाली भूमि सहित अधिसूचना में शामिल अन्य श्रेणियों को नियमानुसार छूट दी जाएगी। इसके अलावा महिला स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों, दिव्यांगजनों, समय पर संपत्तिकर जमा करवाने वाले करदाताओं और शून्य अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली अपनाने वाले समूह आवासों के लिए भी निर्धारित रियायतों का प्रावधान किया गया है।

पोर्टल पर नई नीति के अनुसार टैक्स देख सकेंगे लोग



आयुक्त ने बताया कि नई नीति के अनुसार संपत्तिकर की जानकारी लेने के लिए संपत्ति मालिक संपत्तिकर का बकाया भुगतान और बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन प्रणाली पोर्टल का विकल्प इस्तेमाल कर सकते हैं। निगम की ओर से पोर्टल पर अधिकांश डाटा अपडेट किया जा चुका है और शेष कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई व्यवस्था के तहत कुछ संपत्तियों का टैक्स पुरानी नीति की तुलना में अधिक भी हो सकता है। इसलिए संपत्ति मालिक नई दरों के अनुसार अपने कर का आकलन कर लें और 31 अक्टूबर तक पुरानी नीति के तहत भुगतान का उपलब्ध विकल्प ध्यान में रखते हुए समय पर बकाया जमा करवाएं।

सूचना

मैं, संदीप कुमार पुत्र श्री राम भगत निवासी गांव मदीना गिंधराण, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सीनू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



खबर संक्षेप

पुलिस को देखकर मुड़ा युवक, पिस्तौल बरामद

रोहतक। चमारिया रोड पर आउटर बाईपास चौक के पास सीआईए-2 की टीम ने एक युवक को मैगजीन वाली पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा। युवक की पहचान प्रिंस उर्फ राहुल पुत्र सुरेंद्र, निवासी रैनकपुरा, रोहतक के रूप में हुई। 15 अक्टूबर की शाम एएसआई दिनेश कुमार टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान रोहतक की तरफ से पैदल आ रहा युवक पुलिस की गाड़ी देखकर वापस मुड़ने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसकी जेब से पिस्तौल मिली। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

ई-रिक्शा से देसी शराब की 96 बोतलें बरामद

रोहतक। अनाज मंडी में पुलिस ने ई-रिक्शा से माल्टा मार्का देसी शराब के 48 अध्धे और 48 पव्वे बरामद किए। पुलिस ने शराब और ई-रिक्शा कब्जे में लेकर आरोपी मुकेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर की रात मुख्य सिपाही मनोज कुमार और अजय गश्त कर रहे थे। सूचना पर अनाज मंडी में नाकाबंदी की गई। इस दौरान नीले रंग के ई-रिक्शा की तलाशी लेने पर चार गत्ते की पेटियां मिलीं। इनमें दो पेटियों में 48 अध्धे और एक पेटी में 48 पव्वे थे, जबकि चौथी पेटी खाली थी। आरोपी शराब रखने का लाइसेंस या परमिट नहीं दिखा सका। पुलिस ने ई-रिक्शा जब्त कर लिया।

चार महीने बाद मोबाइल चोरी की एफआईआर दर्ज

रोहतक। आर्य नगर क्षेत्र में मोबाइल चोरी होने के करीब चार महीने बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। माल गोदाम रोड निवासी अभिषेक कुमार का मोबाइल 17 जून को चोरी हुआ था। पीड़ित के अनुसार, शिकायत देने पर पुलिस ने केस के बजाय गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। अभिषेक ने आरोप लगाया कि मोबाइल में दूसरी सिम इस्तेमाल होने की जानकारी मिलने के बावजूद फोन बरामद नहीं हुआ। उसने 7 अक्टूबर को एसपी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित का आरोप था कि फोन ट्रेस होने के बावजूद पुलिस उसे खुद मोबाइल लेने के लिए कह रही थी।

महम में 21 अक्टूबर तक श्रीराम कथा

महम। श्री पंचायती रामलीला सेवा ट्रस्ट की ओर से 15 से 21 अक्टूबर तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। बरसाना धाम से आए कथा वाचक गिरीशानंद जी महाराज एवं उनकी टीम श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करवा रही है।

खोखराकोट में महिला से 5.96 ग्राम हेरोइन बरामद

रोहतक। एनसीबी की टीम ने खोखराकोट की रैनकपुरा गली में एक महिला से 5.96 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी महिला शीला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर उमेश कुमार के अनुसार, महिला घर के सामने गली में हेरोइन बेचने की तैयारी में है। टीम मौके पर पहुंची तो महिला ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर नशीला पदार्थ मिला।

विश्व खाद्य दिवस आज: पीजीआई मेडिसिन की प्रोफेसर डॉ. मोहिनी बोलीं ▸▸ जंक फूड, कैलोरी और स्क्रीन टाइम बिगाड़ रहा सेहत

गलत खानपान व सुस्त जीवनशैली से बढ़ रहा मोटापा, कम उम्र में मधुमेह का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

थाली में बढ़ता जंक फूड, जरूरत से ज्यादा कैलोरी का सेवन और दिनभर मोबाइल या स्क्रीन के सामने बैठे रहने की आदत लोगों की सेहत पर भारी पड़ रही है। बदलती जीवनशैली और खानपान की गलत आदतों के कारण बच्चों से लेकर बड़ों तक में मोटापे की समस्या बढ़ रही है। चिंता की बात यह है कि अब कम उम्र में भी मधुमेह जैसी बीमारियों के मामले सामने आने लगे हैं। शरीर में जरूरत से ज्यादा वसा जमा होना केवल शारीरिक बनावट से जुड़ी समस्या नहीं है, बल्कि यह कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। पीजीआई की प्रोफेसर डॉ. मोहिनी के अनुसार एंडोक्राइनोलॉजी की ओपीडी में ऐसे मरीज आ रहे हैं, जो आगे चलकर क्रॉनिक डिजीज की चपेट में आ सकते हैं। गलत खानपान और असंतुलित जीवनशैली के कारण लगभग 60 से 70% लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। संतुलित आहार, शारीरिक सक्रियता और नियमित दिनचर्या अपनाकर मोटापा का खतरा कम किया जा सकता है।



प्रो. डॉ. मोहिनी

हेल्थ अलर्ट

बच्चों में बढ़ रहे ओबेसिटी के मामले

डॉ. मोहिनी के अनुसार, बच्चों में खेलकूद की कमी, फास्ट फूड, मीठे पेय पदार्थों और स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से मोटापे का खतरा बढ़ रहा है। बच्चों में मधुमेह के मामले भी चिंता का विषय हैं। अभिभावकों को उनके खानपान, खेलकूद और दिनचर्या पर ध्यान देना चाहिए।

मोटापे से कई बीमारियों का खतरा

शरीर में अतिरिक्त वसा जमा होने से दूसरे प्रकार का मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, फैटी लिवर और जोड़ों में दर्द का खतरा बढ़ सकता है। लगातार वजन बढ़ने पर चिकित्सकीय सलाह और समय पर जांच जरूरी है।

संतुलित आहार, व्यायाम और पर्याप्त नींद से कम होगा खतरा

चिकित्सक के मुताबिक मोटापे से बचाव के लिए संतुलित आहार और नियमित शारीरिक गतिविधियां बेहद महत्वपूर्ण हैं। भोजन में हरी सब्जियां, फल, दालें, साबुत अनाज और पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन शामिल करना चाहिए। तली-भुनी चीजों, अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों और मीठे पेय पदार्थों का सेवन सीमित रखना चाहिए। जरूरत से ज्यादा कैलोरी लेने से बचना और भोजन में कार्बोहाइड्रेट, वसा तथा प्रोटीन का उचित संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। इसके साथ ही रोजाना टहलना, व्यायाम करना और पर्याप्त नींद लेना चाहिए। विशेषज्ञ की सलाह के कठोर आहार अपनाने के बजाय धीरे-धीरे स्वस्थ आदतें विकसित करनी चाहिए। समय पर जांच, संतुलित भोजन और जीवनशैली में सुधार से मोटापे से जुड़ी कई जटिलताओं का खतरा कम किया जा सकता है।

यह है ओबेसिटी

ओबेसिटी दीर्घकालिक चिकित्सीय स्थिति है, जिसमें शरीर में अत्यधिक मात्रा में वसा जमा हो जाती है। वयस्कों में शरीर द्रव्यमान सूचकांक के आधार पर मोटापे का आकलन किया जाता है। हालांकि, बच्चों में आयु और लिंग के अनुसार अलग मानकों का उपयोग किया जाता है।

मोटापे के कारण

- असंतुलित आहार, फास्ट फूड और अधिक कैलोरी।
- शारीरिक गतिविधियों की कमी।
- हार्मोन संबंधी समस्याएं और इंसुलिन प्रतिरोध।
- आनुवंशिक कारण, तनाव और नींद की कमी।

ये बीमारी

- टाइप-2 मधुमेह और उच्च रक्तचाप।
- हृदय रोग और फैटी लिवर।
- जोड़ों में दर्द और घिसाव।
- - नींद के दौरान सांस लेने में रुकावट जैसी समस्या।

कोचिंग सेंटरों पर सख्ती की तैयारी में निगम संचालक बोले-सभी शर्तें पूरी नहीं कर सकते

किराये के भवनों में सुरक्षा मानक चुनौती, बदलाव के लिए भवन मालिक की अनुमति जरूरी

- नोटिस के बाद होगी सुरक्षा इंतजामों और नियमों के पालन की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शहर में कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा और संचालन को लेकर सरकार की ओर से निर्धारित नियमों पर अब संचालकों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। संचालकों का कहना है कि नियम काफी सख्त बनाए गए हैं और मौजूदा परिस्थितियों में सभी शर्तों को पूरा करना आसान नहीं है। उनका तर्क है कि जरूरी नहीं कि प्रत्येक कोचिंग सेंटर अपनी जमीन या भवन में चल रहा हो। ऐसे में किराये के भवनों में संचालित संस्थानों के लिए नियमों के अनुरूप बदलाव करना बड़ी चुनौती बन सकता है। दूसरी ओर, नगर निगम इस मामले को लेकर जल्द ही कोचिंग सेंटर संचालकों को नोटिस जारी करने की तैयारी में है, ताकि सुरक्षा मानकों और नियमों के पालन की स्थिति स्पष्ट हो सके। कोचिंग संचालक मनीष, रोहित, मनेष, नेहा समेत अन्य का कहना है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा उनके लिए भी महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए कई संस्थानों में आपातकालीन निकास द्वार सहित जरूरी इंतजाम किए गए हैं। उनका कहना है कि लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जागरूकता बढ़ी है और संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।



व्यावहारिक परेशानियों को भी ध्यान में रखा जाए

संचालकों के अनुसार, शहर में बड़ी संख्या में कोचिंग सेंटर किराये की दुकानों या व्यावसायिक परिसरों में चल रहे हैं। भवन में बदलाव, अतिरिक्त निकास द्वार बनवाना या सुरक्षा सुविधाएं जुटाना हमेशा संचालकों के हाथ में नहीं होता। इसके लिए भवन मालिक की अनुमति और पर्याप्त जगह जरूरी है। नियम बनाते समय इन परेशानियों का ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि समाधान भी निकल सके।

फायर एनओसी: किसी के पास, किसी का आवेदन

कोचिंग संचालकों का कहना है कि अग्नि सुरक्षा को लेकर भी अलग-अलग संस्थानों में स्थिति अलग है। कुछ संचालकों के पास फायर एनओसी होने की बात कही जा रही है, जबकि कुछ ने इसके लिए आवेदन कर रखा है। हालांकि, सभी संस्थानों की वास्तविक स्थिति और सुरक्षा मानकों के अनुपालन की पुष्टि संबंधित विभागों की जांच के बाद ही हो सकेगी। सुरक्षा के लिए जरूरी व्यवस्थाएं करने को वे तैयार हैं, लेकिन उचित समय भी मिलना चाहिए।

सुरक्षित भवन में चलाएंगे कोचिंग

कोचिंग संचालकों ने नगर निगम के सामने यह विकल्प भी रखा है कि यदि निगम उन्हें उपयुक्त स्थान या सुरक्षित भवन उपलब्ध करवा दे तो वे वहां विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि इससे भवन संबंधी कई समस्याओं का समाधान हो सकता है और विद्यार्थियों को भी बेहतर माहौल मिलेगा।

समस्याओं व सुरक्षा में संतुलन कैसे बनेगा

नगर निगम जल्द ही इस मामले में कोचिंग सेंटर संचालकों को नोटिस जारी करेगा। इसके बाद संबंधित संस्थानों की स्थिति, उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं और निर्धारित नियमों के पालन को लेकर तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी। अब देखना होगा कि निगम की कार्रवाई के बाद संचालकों की समस्याओं और विद्यार्थियों की सुरक्षा के बीच किस तरह संतुलन बनाया जाता है।

रजिस्ट्री की फाइल अब अधिकतम दो बार ही लौटेगी

बार-बार आपत्तियां लगाकर आवेदन लंबित रखने पर लगेगी रोक

- दस्तावेजों की कमियां एक साथ बतानी होंगी, लोगों के चक्कर होंगे कम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

संपत्ति की रजिस्ट्री कराने के लिए अब लोगों को बार-बार दस्तावेजों में कमियां दूर करने और फाइल जमा कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रदेश में रजिस्ट्री की फाइल अधिकतम दो बार ही लौटाई जा सकेगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के साथ रजिस्ट्री प्रक्रिया में अनावश्यक देरी रोकना है। हालांकि, दूसरी बार आपत्ति के बाद फाइल पर आगे किस स्तर पर निर्णय होगा और संबंधित अधिकारी के लिए क्या कार्रवाई निर्धारित है, इस बारे में स्पष्ट दिशा-निर्देशों की पुष्टि जरूरी है। ध्यान रहे कि वित्तीय आयुक्त, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग डॉ. सुमिता मिश्रा ने 30 सितंबर को चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदेश की पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था की जानकारी देते हुए फाइल लौटाने की सीमा का उल्लेख किया। इस व्यवस्था से दस्तावेजों की जांच के दौरान बार-बार नई आपत्तियां लगाकर आवेदन लंबित रखने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है।

पेपरलेस व्यवस्था से रजिस्ट्री सरल

प्रदेश में रजिस्ट्री प्रक्रिया को डिजिटल बनाने के लिए करीब 140 प्रकार के दस्तावेजों के मानक प्रारूप तैयार किए गए हैं। विभाग के अनुसार, पेपरलेस व्यवस्था के तहत प्रदेश में 6.5 लाख से अधिक रजिस्ट्रियां हो चुकी हैं।

निस्तारण की प्रक्रिया भी स्पष्ट होनी चाहिए

फाइल लौटाने की सीमा से अधिकारियों को दस्तावेजों की जांच सावधानी से करनी होगी। स्पष्ट आपत्तियां मिलने पर आवेदक एक बार में कमियां दूर कर सकेंगे, जिससे समय और धन बचेगा। दूसरी बार के बाद फाइल के निस्तारण की प्रक्रिया भी स्पष्ट होनी चाहिए।

परशुराम आश्रम समिति के चुनाव की सरगर्मी तेज

पहले दिन तीन पदों के लिए नामांकन दाखिल, सदस्यता विवाद पर आज सुनवाई

- 600 से 700 आवेदकों की सदस्यता अधर में, चुनाव से पहले नए सदस्य बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सेक्टर-2 पार्ट स्थित भगवान परशुराम आश्रम जन कल्याण समिति के चुनाव के लिए वीरवार को नामांकन शुरू हुए। पहले दिन जगदीश शर्मा ने वरिष्ठ उपप्रधान, रामकंवार कंसाला ने सह सचिव और हितैष कौशिक ने सचिव पद के लिए नामांकन दाखिल किया। एक नवंबर को मतदान होगा। शुक्रवार को नई सदस्यता को लेकर नरेश गौड़ की अपील पर जिला सोसायटी रजिस्ट्रार कार्यालय में सुनवाई होगी। समिति की सदस्यता के लिए 600 से 700 लोगों ने आवेदन किया है। गौड़ का आरोप है कि आवेदन और फीस के चेक जमा कराने के बावजूद सदस्यता नहीं दी गई। उन्होंने नए सदस्यों को शामिल करने के बाद चुनाव कराने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच, 18 को नाम वापसी और 19 अक्टूबर को अंतिम सूची जारी होगी। 23 अक्टूबर को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।



रोडवेज कर्मचारियों का 27 अक्टूबर को धरना देने का ऐलान



रोहतक। हरियाणा रोडवेज के रोहतक डिपो में लंबित मांगों का समाधान नहीं होने पर कर्मचारी सांझा मोर्चा ने 27 अक्टूबर को महाप्रबंधक के खिलाफ धरना देने का निर्णय लिया है। यह फैसला डिपो में आयोजित गेट मीटिंग में लिया गया।बैठक में काउंटर नंबर 4 और 5 को अलग करने, बकाया रात्रि भत्ते का भुगतान करने तथा टीए-डीए और एसीपी से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि लंबे समय से मांगें लंबित होने के कारण कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने मांगों का समाधान नहीं होने तक संघर्ष जारी रखने की बात कही। बैठक में विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी और सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

युवा नौकरी तलाशने वाले नहीं रोजगार देने वाले बनें: संदीप



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में बुधवार को 'करियर रेडीनेस इन द डिजिटल एज' विषय पर पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रोजगार की बदलती जरूरतों और उद्योग जगत की अपेक्षाओं से अवगत कराया। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि युवाओं को तकनीकी ज्ञान के साथ रचनात्मक सोच, टीम वर्क और समस्या समाधान का कौशल विकसित करना चाहिए। वे नौकरी तलाशने तक सीमित न रहें, बल्कि रोजगार देने वाले बनकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें।डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा ने व्यावहारिक बुद्धिमत्ता का महत्व बताया।

त्योहारों से पहले बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटा निगम

10 दिन में मरम्मत कार्य पूरा करने का लक्ष्य, निजी कंपनी को सौंपी जिम्मेदारी

- शहर में 172 कर्मचारियों की टीम तैनात, लाइनों व उपकरणों की खामियां होंगी दूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

त्योहारों पर घरों में सजावट, बाजारों में रंग-बिरंगी लाइटों की चमक और प्रतिष्ठानों की जगमगाहट के बीच बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए बिजली निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। त्योहारों के दौरान बिजली की बढ़ती मांग और तकनीकी खराबी से निपटने के लिए शहर में मरम्मत अभियान चलाया जा रहा है। निगम का प्रयास है कि त्योहारों के ऐन मौके पर किसी खराबी के कारण लोगों को अंधेरे में न रहना पड़े और बाजारों से लेकर रिहायशी क्षेत्रों तक बिजली व्यवस्था सुचारू बनी रहे। इसके लिए शहर के अलग-अलग हिस्सों में 172 कर्मचारियों की टीम तैनात किए है। टीमों को तैनात किया गया है। मरम्मत कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने की योजना बनाई गई है।



खामियां दूर कर व्यवस्था बेहतर बनाई जाएगी

बिजली निगम ने त्योहारों से पहले मरम्मत कार्य पूरा करने के लिए दस दिन का लक्ष्य रखा है। इस दौरान लाइनों और उपकरणों की खामियां दूर कर आपूर्ति व्यवस्था बेहतर बनाई जाएगी। निगम ने बिजली व्यवस्था सुधारने का जिम्मा निजी कंपनी को सौंपा है। कंपनी लाइनों और उपकरणों की मरम्मत कर रही है, ताकि त्योहारों पर बिजली आपूर्ति बाधित न हो।

निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए निगम गंभीर

त्योहारों के मद्देनजर शहर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मरम्मत कार्य तेजी से करवाया जा रहा है। इसके लिए करीब 172 कर्मचारियों की टीम लगाई गई है और लगभग दस दिन में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बिजली लाइनों और संबंधित उपकरणों की जांच कर आवश्यक कमियों को दूर किया जा रहा है। -बिजेंद्र नरवाल एसई बिजली निगम

कमजोर तार, खराबी दूर करने पर जोर

त्योहारों पर बिजली की खपत बढ़ने से आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव पड़ सकता है। इसे देखते हुए निगम लाइनों और उपकरणों की तकनीकी खामियां दूर कर रहा है, ताकि बिजली गुल होने की आशंका कम हो। त्योहारों पर बाजारों में सजावट और ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने से निर्बाध बिजली जरूरी है। निगम का लक्ष्य दस दिन में मरम्मत कार्य पूरा कर संभावित तकनीकी समस्याओं को कम करना है।

पेंटिंग पर पोस्टर लगाने वालों पर 80 हजार रुपये का जुर्माना



रोहतक। शहर की दीवारों पर बनी पेंटिंग और सौंदर्यीकरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने बताया कि बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स और विज्ञापन सामग्री लगाना नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और दीवारों पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक जागरूकता के संदेश देने वाली पेंटिंग बनाई गई हैं। इन पर पोस्टर चिपकाने या बैनर लगाकर ढकने से शहर की सुंदरता प्रभावित होती है। होर्डिंग और फ्लेक्स केवल निगम से अनुमति लेकर निर्धारित स्थानों पर ही लगाए जा सकते हैं। अवैध प्रचार सामग्री हटाने का खर्च भी संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा। निगम ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

नेकीराम कॉलेज से दिल्ली बाइपास तक उड़ रहे धूल के गुबार

पाइप लाइन डालकर सड़क पर छोड़ी गई मिट्टी, दुकानों में फैल रही गंदगी

दुकानदारों की त्योहारी सेल पर जनस्वास्थ्य विभाग का मलबा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शहर में विकास कार्यों के नाम पर सड़कों की खुदाई के बाद उन्हें दुरुस्त नहीं करने की लापरवाही लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। नेकिराम कॉलेज के सामने से दिल्ली बाईपास तक जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से पाइपलाइन डालने के लिए पुरानी सड़क को खोदा गया, लेकिन काम पूरा होने के बाद सड़क पर पड़ी मिट्टी को हटाने या व्यवस्थित करने की जहमत नहीं उठाई गई। नतीजा यह है कि यहां से गुजरने वाले वाहनों के साथ ही हवा चलने पर दिनभर धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। इसका सीधा असर आसपास के दुकानदारों के कारोबार और विद्यार्थियों की आवाजाही पर पड़ रहा है। सड़क किनारे दुकानों के बाहर मिट्टी जमा होने के कारण हालात लगातार खराब हो रहे हैं। वाहनों के गुजरते ही धूल उड़कर दुकानों के अंदर पहुंच जाती है। दुकानदारों को बार-बार सफाई करनी पड़ रही है, लेकिन कुछ ही देर में सामान और दुकान की सतह पर दोबारा धूल जम जाती है। ऐसे में दुकानदारों के लिए ग्राहकों को बैठाना और सामान को साफ-सुथरा रखना मुश्किल हो गया है। धूल के कारण ग्राहक भी दुकानों पर आने से बच रहे हैं, जिससे दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हो रही है।



लोक निर्माण विभाग ही इसको हटाएगा

लोक निर्माण विभाग ही इसको हटाएगा। क्योंकि वहां पर नई तारकोल की सड़क भी बनाई जा रही है। ऐसे में वह जब सड़क निर्माण करेंगे तो उसे समतल करके ही सड़क बनाएंगे। बारिश के कारण निर्माण कार्य रोका गया होगा। काम शुरू होते है मिट्टी उठा ली जाएगी।
-संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

सड़क दुरुस्त करना भूला

विभागपाइपलाइन डालने के बाद सड़क की मिट्टी समतल कर मरम्मत करवाना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी थी। लेकिन मिट्टी ऐसे ही छोड़ दी गई, जिससे वाहनों के गुजरने पर धूल उड़ती है और लोगों को परेशानी हो रही है।

12 हजार छात्रों वाले विवि में 56 यूनिट रक्त ही एकत्रित

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) में गुरुवार को भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती और विश्व विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर लगाया गया। 'सेवा संकल्प अभियान-सेवा मेरा योगदान' के तहत आयोजित शिविर में सिर्फ 56 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। विश्वविद्यालय में करीब 12 हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं, जबकि इमसार में 350 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। ऐसे में शिविर में विद्यार्थियों की कम भागीदारी चर्चा का विषय रही।शिविर का आयोजन एमडीयू की यूथ रेडक्रॉस इकाई, इमसार, विधि विभाग और एनएसएस इकाइयों ने एलपीएस बोसार्ड तथा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खानपुर के सहयोग से किया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि रक्तदान मानवता की बड़ी सेवा है और इसकी एक-एक बूंद जरूरतमंद के लिए जीवन की उम्मीद बन सकती है। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने युवाओं से सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. अंजू धीमान ने किया।

- 'सेवा संकल्प अभियान-सेवा योगदान' के तहत शिविर